उत्तराखंड
Uttarakhand

नकली शराब और कोल्ड ड्रिंक के बाद अवैध नूडल्स और सॉस की फैक्ट्री का भंडाफोड़, अधिकारी हैरान - ILLEGAL NOODLES AND SAUCE FACTORY

हल्द्वानी: नैनीताल जिला प्रशासन इन दिनों अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है. एक सप्ताह के भीतर में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पहले नकली शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया था. बुधवार को जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग के टीम अवैध कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. अब हल्द्वानी शहर के बीचों-बीच पॉश इलाके में चल रही अवैध नूडल्स और और सॉस बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है.

अवैध कारोबार पर छापा: पूरे मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सैंपलिंग की कार्रवाई कर जिला प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री को सील किया है. एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह एवं नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी ऋचा सिंह के नेतृत्व में नगर निगम, खाद्य सुरक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मंगल पड़ाव स्थित 'महेश्वरी नूडल्स' निर्माण इकाई पर छापेमारी कर गंभीर अनियमितताओं का खुलासा किया गया है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/illegal-noodles-and-sauce-manufacturing-factory-busted-in-haldwani-of-nainital-district-uttarakhand-news-uts25042500761